# प्रेस नोट –

## थाना सीपरी बाजार, जनपद झाँसी

**दिनांक – 08.05.2026**

- **झाँसी पुलिस द्वारा ऑनलाइनसट्टा/जुआ सिंडिकेट के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही।**
- **ऑनलाइन सट्टा/जुआ से अर्जित लगभग 01,72,00,000/- रुपए (एक करोड़ बहत्तर लाख रुपये) की अवैध संपत्ति सहित 02 अभियुक्ता गिरफ्तार।**
- **अभियुक्ताओं के कब्जे से लगभग 01,46,00,000/- रुपए (एक करोड़ छियालीस लाख रुपये) के पीली धातु के बने बिस्किट, आभूषण, लगभग 11,00,000/-( ग्यारह लाख रुपये) की सफेद धातु, 18,92,300/- रुपये नगद, 01 लैपटॉप, 12 मोबाइल फोन एवं सट्टा संबंधी रजिस्टर बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्ताओं के विरुद्ध थाना सीपरी बाजार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।**
- **उक्त प्रकरण में संलिप्त आरक्षी रजत कुमार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी द्वारा बर्खास्त किया गया है,**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्री आलोक सिंह एवं श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी के निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना सीपरी बाजार एवं महिला थाना की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 08.05.2026 को समय करीब 08:50 बजे प्रातः रॉयल सिटी के फ्लैट LS-9, चौकी क्षेत्र मसीहागंज थाना सीपरी बाजार जनपद झाँसी से अभियुक्तागण 1. निशा खान पुत्री राशिद खान उम्र करीब 32 वर्ष निवासी मोहल्ला शास्त्री नगर नगरा थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी तथा 2. यशस्वी द्विवेदी पुत्री देवेंद्र द्विवेदी उम्र करीब 24 वर्ष निवासी म0न0-366 छनियापुरा थाना कोतवाली जनपद झाँसी को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्ताओं के कब्जे से लगभग 01,46,00,000/- रुपए (एक करोड़ छियालीस लाख रुपये) मूल्य के 900 ग्राम पीली धातु की बार (पीली धातु के बिस्किट), 02 पीली धातु के सिक्के, एक पीली धातु का मंगलसूत्र, एक पीली धातु की चैन, एक पीली धातु की अंगूठी, 11,00,000/- रुपए (ग्यारह लाख) रुपये मूल्य की 04 किलो सफेद धातु की बार, 18,92,300/- रुपये नगद, एक लैपटॉप मय चार्जर, 12 अदद विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन, एक पावर बैंक

तथा एक रफ रजिस्टर बरामद हुआ, जिसके पीछे के 08 पृष्ठों पर कस्टमर आईडी एवं मोबाइल नम्बर अंकित थे।

**<u>पूछताछ के दौरान</u>** अभियुक्ताओं द्वारा अपने अन्य साथियों के नाम क्रमशः 1. आरक्षी रजत, 2. सुमित साहू पुत्र रामदीन साहू निवासी राजीव नगर नगरा थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी, 3. आशीष उपाध्याय पुत्र स्व0 प्रभाकर उपाध्याय निवासी ग्वालियर रोड थाना कोतवाली जनपद झाँसी, 4. विशेष भार्गव निवासी थाना सीपरी बाजार जनपद झाँसी, 5. प्रभात अग्रवाल निवासी नगरा थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी एवं 02-03 अन्य अज्ञात व्यक्तियों के नाम प्रकाश में आये।

दोनों अभियुक्ताओं को पुलिस हिरासत में लेकर थाना सीपरी बाजार पर मु0अ0सं0 205/2026 धारा 111(2) बीएनएस व 3/4 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए बरामद माल सहित माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**<u>घटना का संक्षिप्त विवरण-</u>**

पूर्व में सूचना प्राप्त हुई थी कि उक्त स्थान पर जुआ व सट्टा से संबंधित कार्य चल रहा है, जिसके संबंध में पूर्व में दिनांक 07.05.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अनुमति प्राप्त की गयी जिसके क्रम में आज दिनांक 08.05.2026 को थाना सीपरी बाजार के अति0निरीक्षक श्री चन्द्रदेव यादव एवं उ0नि0 श्री साजेश कुमार सिंह चौकी प्रभारी मसीहागंज थाना सीपरी बाजार, झाँसी मय हमराहयान बिहारी तिराहा पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चौकी मसीहागंज क्षेत्र स्थित रॉयल सिटी के फ्लैट LS-9 में कुछ व्यक्ति आर्थिक लाभ अर्जित करने हेतु हार-जीत की बाजी लगाकर आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा खेलते एवं खिलवाते हैं तथा बड़े स्तर पर सट्टे के पैसों का लेनदेन करते हैं।

सूचना पर थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर मकान के अंदर जुआ पकड़ने हेतु नियमानुसार अनुमति प्राप्त की गयी तथा थाने से महिला पुलिस बल को बुलवाकर रॉयल सिटी LS ब्लॉक के फ्लैट नंबर-9 के दरवाजे पर पहुँचकर म0उ0नि0 द्वारा दरवाजा खुलवाया गया, जहाँ दो महिलाएं क्रमशः 1. यशस्वी द्विवेदी पुत्री देवेंद्र द्विवेदी निवासी म0न0-366 छनियापुरा थाना कोतवाली जनपद झाँसी उम्र करीब 24 वर्ष, हाल पता रॉयल सिटी फ्लैट नंबर LS-9 थाना सीपरी बाजार जनपद झाँसी एवं 2. निशा खान पुत्री राशिद खान निवासी मोहल्ला शास्त्री नगर नगरा थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी उम्र करीब 32 वर्ष मौजूद मिलीं।

घर के अंदर सोफे के सामने रखी सेंट्रल टेबल पर रखे गहरे आसमानी रंग के सफारी कम्पनी के ट्रॉली बैग को चेक किया गया तो उसके अंदर भारी मात्रा में 100, 200 एवं 500 रुपये के नोटों के बंडल तथा सोने-चाँदी धातु के छोटे-बड़े बिस्किट एवं आभूषण रखे मिले। उक्त सामान को

निकालकर चेक किया गया तो 100, 200 एवं 500 रुपये की गड्डियों से कुल 18,92,300/- रुपये नगद तथा 100-100 ग्राम के 09 पीली धातु की बार (पीली धातु के बिस्किट, कुल वजन 900 ग्राम), 02 पीली धातु के सिक्के (वजन 15 ग्राम), एक पीली धातु का मंगलसूत्र काला मोतीदार (वजन 18 ग्राम), एक पीली धातु की चैन (वजन 04 ग्राम) एवं एक पीली धातु की लेडीज अंगूठी (वजन 02 ग्राम) बरामद हुई। सम्पूर्ण बरामद पीली धातु का कुल वजन 939 ग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित बाजारू कीमत लगभग **01,46,00,000/- (एक करोड़ छियालीस लाख रुपए)** आँकी गयी।

सफेद धातु की कुल 09 बार, जिनका कुल वजन करीब 04 किलोग्राम एवं अनुमानित कीमत लगभग **11,00,000/-रुपए (ग्यारह लाख रुपये)** पायी गयी। पुलिस द्वारा बरामद रुपयों तथा पीली व सफेद धातुओं के बिस्किट के संबंध में दोनों महिलाओं से पूछताछ की गयी तो दोनों महिलाओं द्वारा बताया गया कि उक्त माल आरक्षी रजत द्वारा कुछ दिन पूर्व उनके पास लाकर रखा गया था। उसने बताया था कि यह सम्पत्ति ऑनलाइन सट्टा खिलवाने से प्राप्त आय है, जिसे **सुमित साहू पुत्र रामदीन साहू निवासी राजीव नगर नगरा थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी, आशीष उपाध्याय पुत्र स्व0प्रभाकर उपाध्याय, विशेष भार्गव एवं प्रभात अग्रवाल** आदि के साथ मिलकर ऑनलाइन सट्टा खेलकर एवं खिलवाकर अर्जित किया गया है।

दोनों महिलाओं द्वारा यह भी बताया गया कि उक्त सभी लोग उनके फ्लैट पर आकर विभिन्न मोबाइल फोन एवं लैपटॉप के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालन का कार्य करते थे तथा उनके साथ 02-03 अन्य व्यक्ति भी ऑनलाइन सट्टे का कार्य करने आते थे। आईपीएल क्रिकेट मैच समाप्त होने के उपरांत ऑनलाइन सट्टे से अर्जित धनराशि को आपस में बाँटने तथा दोनों महिलाओं को भी उसमें हिस्सा देने की बात कही गयी थी।

उक्त दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर फ्लैट से बरामद समस्त माल को नियमानुसार पुलिस कब्जे में लेकर थाना सीपरी बाजार, झाँसी लाया गया, जहाँ मु0अ0सं0 205/2026 धारा 111(2) बीएनएस व 3/4 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**<u>गिरफ्तारी का दिनाँक ,समय एवं स्थानः-</u>**

दिनांक 08.05.2026 को समय करीब 08.50 बजे, सुबह को रॉयल सिटी के फ्लैट LS-9 चौकी क्षेत्र मसीहागंज थाना सीपरी बाजार जिला झाँसी ।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्ताओं का विवरणः-</u>**

1. निशा खान पुत्री राशिद खान निवासी मोहल्ला शास्त्री नगर नगरा थाना प्रेम नगर जनपद झांसी उम्र करीब 32 वर्ष,
2. यशस्वी द्विवेदी पुत्री देवेंद्र द्विवेदी निवासी म0न0-366 छनियापुरा थाना कोतवाली जनपद झाँसी उम्र करीब 24 वर्ष

**वांछित अभियुक्तगण का विवरण**

1. आरक्षी रजत सिंह पुत्र श्यामवीर सिंह नि0 शमदपुर थाना सादाबाद जिला हाथरस उम्र 31 वर्ष
2. सुमित साहू पुत्र रामदीन साहू नि0 म0नं0 336, राजीव नगर , नगरा थाना प्रेमनगर जनपद झांसी
3. आशीष उपाध्याय पुत्र स्व0 प्रभाकर उपाध्याय निवासी म0नं0-1287/1ए एल्पाइन स्कूल के पास ग्वालियर रोड थाना कोतवाली जनपद झाँसी ( पूर्व से जेल में निरुद्ध ),
4. विशेष भार्गव पुत्र भगवती प्रसाद निवासी अयोध्यापुरी के पीछे थाना सीपरी बाजार जनपद झांसी
5. प्रभात अग्रवाल पुत्र मोहन अग्रवार निवासी नगरा थाने के सामने थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी

   02-03 अज्ञात व्यक्ति

**बरामदगी का विवरण**

1. 10 पीली धातु की बार ( विस्किट) कुल वजन 900 ग्राम के
2. 09 सफेद धातु की बार ( बिस्किट ) कुल वजन 04 कि0ग्रा0,
3. 02 पीली धातु के सिक्के कुल वजन 15 ग्राम
4. एक मंगलसूत्र(काले मोतियो सहित), एक पीली धातु की चैन, एक पीली धातु की अंगूठी ( तीनो का कुल वजन 24 ग्राम )
5. 18,92,300/-( अठारह लाख बयानवे हजार तीन सौ रुपये) नगद
6. एक लैपटॉप मय चार्जर
7. 12 मोबाइल व एक पावर बैंक, एक रजिस्टर

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-**

1. अति0निरी0 श्री चन्द्रदेव यादव थाना सीपरी बाजार
2. उ0नि0 साजेश कुमार चौकी प्रभारी मसीहागंज, थाना सीपरी बाजार
3. म0उ0नि0 वन्दना सिंह, थाना सीपरी बाजार
4. का0 1245 प्रदीप कुमार थाना सीपरी बाजार
5. रि0का0 ओम गुप्ता थाना सीपरी बाजार
6. म0का0 697 रेखा थाना सीपरी बाजार
7. रि0म0का0 करीना यादव, थाना सीपरी बाजार
8. रि0म0का0 वैष्णवी सिंह , थाना सीपरी बाजार